अमर उजाला

UP News: घर में प्रिंटर से स्कैन कर छाप रहे थे नकली नोट, तीन आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद के रामगढ़ के मोहल्ला जगजीवन नगर सैलई में पुलिस ने रविवार देर शाम नकली नोट छपाने का पर्दाफाश कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 57,900 रुपये के जाली नोट बरामद करने के साथ ही 58 हजार रुपये, नोट छापने की स्याही, प्रिंटर व अन्य सामान भी बरामद किया है। आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि रामगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला जगजीवन नगर सैलई में कुछ लोग घर में नकली भारतीय मुद्रा छापने का काम कर रहे हैं। फिर बाजार में खपा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

ये आरोपी हुए गिरफ्तार
आरोपियों से 57,900 रुपये के नकली नोट और 58 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपियों की पहचान जगजीवन नगर सैलई थाना रामगढ़ निवासी कमल प्रताप, राजा का ताल थाना टूंडला निवासी रामवीर और सिकेरा थाना मटसेना निवासी कुलवेंद्र उर्फ विकास के रूप में हुई है। बरामद नकली नोटों में दो हजार के 10, पांच सौ 61 और दो सौ 37 नोट हैं।

रंगीन प्रिंटर से करते थे नोट को स्कैन
रामगढ़ थानाध्यक्ष हरवेंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपी रंगीन प्रिंटर से नोट को स्कैन करने के साथ ही सफेद टेप से तार बनाकर उस पर आरबीआई प्रिंट कर देते थे। नोट पर महात्मा गांधी के चित्र का वाटर मार्क होने के कारण कोई यह नहीं बता पाता कि नोट असली है या नकली।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/agra/fake-currency-agra-news-agr54663028